कार्यालय उप वन संरक्षक, नन्दादेवीराष्ट्रीय पार्क, ज्योतिर्मठ।

Phone & Fax No.- 01389-222179 E-mail- dcfndnp-forest-uk@nic.in

पत्रांक– 3883 / 12-1 ,जोशीमठ, दिनांक, 23-05- ,2026.

सेवा मे,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लोक निमार्ण विभाग,
गोपेश्वर।

विषयः– **जनपद चमोली के अन्तर्गत लाता–लाता मन्दिर मोटर मार्ग के किमी0 0.500 से 4.00 तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 0.738 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।**

संदर्भः– इस कार्यालय का पत्रांक 3867 / 12–1 व आपका पत्रांक 917 / 23 एल0ए0, दिनांक 23.05.2026.

महोदय,

इस कार्यालय के उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा विषयांकित मोटर मार्ग के दोनों ओर किये जाने वाले रोड साइड प्लांटेशन का डिमाण्ड नोट वर्तमान दर पर तैयार कर प्रेषित किया गया था। इस क्रम में आपने अपने उक्त संदर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया कि विषयांकित मोटर मार्ग के प्रस्ताव के विषय में मोटर मार्ग की लम्बाई किमी0 0.500 से किमी0 4.00 अंकित किया गया है किन्तु मोटर मार्ग की कुल लम्बाई 1.5 किमी0 है।

उक्त के क्रम में इस कार्यालय द्वारा प्रस्ताव में आवश्यक दस्तावेजो का अध्ययन करने पर पाया गया की मोटर मार्ग निर्माण कार्य केवल 1.5 किमी0 तक ही प्रस्तावित है जिस क्रम में रोड साइड वृक्षारोपण का संशोधित डिमाण्ड नोट निम्नानुसार पुनः प्रेषित किया जा रहा है–

योजना का नामः–	**रोड साइड प्लान्टेशन**
वर्ष 2026–27 के अनुसार वर्तमान दर –	₹ 8,95,651.00/Km.
मोटर मार्ग की कुल लम्बाई –	1.5 Km(0.5 to 4 Km)
वर्तमान दर के अनुसार कुल धनराशि –	₹ 1343476.5 or ₹ 1343477.00
पूर्व में जमा की गई धनराशि –	₹ 515862.00
अवशेष धनराशि	₹ 1343477.00 – ₹ 515862.00 = ₹ **8,27,615.00**

(रू0 आठ लाख सत्ताईस हजार छः सौ पन्द्रह मात्र)

अतः उपरोक्तानुसार रोड साइड प्लान्टेशन की अवशेष धनराशि **₹ 8,27,615.00** (रू0 आठ लाख सत्ताईस हजार छः सौ पन्द्रह मात्र) का डिमाण्ड नोट इस आशय से प्रेषित कि आप अवशेष धनराशि को शीघ्र कैम्पा फण्ड में जमा कर जमा रसीद इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे ताकि प्रकरण पर शीघ्र अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

हस्ताक्षर
उप प्रभागीय वनाधिकारी
उप वन प्रभाग, नन्दादेवी राष्ट्रीय पार्क
ज्योतिर्मठ

(सर्वेश कुमार)
उप वन संरक्षक,
नन्दादेवी राष्ट्रीय पार्क, ज्योतिर्मठ।